**HINDI**

**( SECOND LANGUAGE )**

***Maximum Marks : 80***

**( Three Hours** )

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately***

*You will **not** be allowed to write during the first **15** minutes*

*This time is to be spent in reading the question paper*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers .***

*This paper comprises of two sections **: section A and section B .***

*Attempt all the questions from **section A** .Attempt four questions from **section B** .answering at least one question each from **two** books you have studied and any two other questions from the same books you compulsorily chosen .*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]*

**SECTION A (40 MARKS)**

Attempt **all** questions

## Question 1

## Write a short composition of Hindi approximately 250 words on any one of the following topics:-

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए**

(i)आपके परिवार के किसी ऐसे सदस्य का वर्णन कीजिए जिसने आपको प्रभावित किया है | बताइये की उस व्यक्ति के प्रभाव ने आपके जीवन को किस प्रकार परिवर्तित किया ? आपके गुणों को निखारने में और अवगुणों को दूर करने में उस व्यक्ति ने आपको किस प्रकार सहायता की ?


(ii)एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो -

**" परिश्रम ही सफलता की कुंजी है "**

(iii)ऊँचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माता - पिता तथा अध्यापकों द्वारा बच्चों पर डाला जाने वाला दबाव अनुचित है | " विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए ?

(iv)"वन हमारी अनमोल धरोहर है| इस विषय पर एक लेख लिखिए |

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर ,उसका परिचय देते हुए कोई लेख ,घटना अथवा कहानी लिखिए,जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए|



**Question 2**

**Write a letter in HINDI in approximately 120 words on any one of the topics below :-**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में पत्र लिखिए :**

**(i) आपकी छोटी बहन अपना अधिकांश समय मोबाइल फ़ोन पर बिताती है | मोबाइल फ़ोन के अधिक उपयोग से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए उसे पत्र लिखिए |**

**(ii) आपके क्षेत्र में तेंदुआ के आ जाने से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है | उसको पकड़ने के लिए वन विभाग के अध्यक्ष को पत्र लिखिए |**

**Question 3**

**Read the passage given below and answer in HINDI the questions that follow ,using your own words as far as possible :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :**

एक दिन घनघोर वर्षा हो रही थी | मेघों की भयानक गर्जना ने उस शाम के वातावरण को और भयावह बना दिया था | एक अधेड़ दंपति झोपड़ी में बैठे दुःख - सुख की बातें कर रहे थे | अचानक किसी ने दरवाजा खटखटाया और आवाज़ दी -" अंदर कोई है ? " किसान ने दरवाज़ा खोलकर देखा ,तो सामने आत्मविश्वास से भरा बीस - इक्कीस वर्ष का कोई युवक खड़ा था | वर्षा में उसके वस्त्र पूर्ण रूप से भीग चुके थे | वह बहुत थका लग रहा था | उसकी वेशभूषा और लटकती तलवार से लगता था की वह सिपाही है | किसान ने उससे पूछा -"क्या बात है भाई |" युवक बोला -" मैं एक

राही हूँ | मार्ग भटक गया हूँ | वर्षा में बुरी तरह भीग गया हूँ | मैं और मेरा घोड़ा बुरी तरह थक गए | आज की रात बिताने के लिए जगह चाहिए |"

नवयुवक को आसरा मिल गया | किसान की पत्नी ने उससे बदलने के लिए कपड़े दिए | भीगे वस्त्रों को आग के पास टाँग दिया , जिससे जल्दी सूख जाएँ | किसान ने घोड़े को आँगन में बाँध दिया और खाने के लिए चारा दे दिया | किसान की पत्नी ने युवक से पूछा -"भूख लगी होगी ,खाना खा लो |" युवक ने कहा -'नहीं , नहीं ,मैं खाना नहीं खाऊँगा | मैं सोना चाहता  हूँ | " किसान बोला -" यह नहीं हो सकता | हम निर्धन अवश्य हैं ,लेकिन घर आए अथिति को भूखा थोड़े ही सोने देंगे | जो कुछ रूखा -सूखा हम खाते है ,वही तुम भी खा लो |"

युवक इस प्रेम भरे आग्रह को टाल न सका | किसान की पत्नी ने युवक और किसान के आगे  केले के पत्तल लगा दिए | पत्ते पर भात परोसा और वह कढ़ी लाने गई | स्त्री ने भात पर कढ़ी  परोसी ,तो वह पत्तल पर बहने लगी | युवक एक ओर से रोकता तो वह दूसरी ओर से बहने लगती | युवक की समझ में नहीं आ रहा था की वह कढ़ी को रोकने के लिए क्या करे ? युवक की परेशानी देखकर किसान की पत्नी को हँसी आ गई और वह बोली -"तुम तो शिवाजी की तरह बुद्धू हो |" फिर उसने उसे समझाते हुए कहा -" भात में कढ़ी लेने से पहले गड्ढा कर लेना चाहिए | नहीं तो कढ़ी रुक नहीं सकती ,तुम्हे इतना भी नहीं मालूम ? "

युवक बोला -" मुझे तो कढ़ी -भात खाना नहीं आता ,इसलिए मैं तो बुद्धू हूँ ,लेकिन यह शिवाजी कौन है ? उसे आप बुद्धू क्यों कहती हैं ?" किसान की पत्नी बोली -" शिवाजी महाराष्ट्र पर अपना राज्य कायम करना चाहता है ,इसलिए सुल्तान से लड़ता है | वह बहादुर तो बहुत है ,लेकिन उसकी लड़ाई का तरीका गलत है | "

"तरीका गलत है ,वह कैसे ?" युवक ने पूछा |

स्त्री बोली -" शिवाजी गाँव पर कब्ज़ा तो कर लेता है ,परन्तु किलों पर अधिकार नहीं करता हैं | सुलतान के सैनिक मौका मिलते ही किले से निकलते है और मारधाड़ करते है | फिर शिवाजी को पीछे हटना पड़ता है | वह यह नहीं समझता की स्वराज्य कायम करना है ,तो पहले किलों पर कब्ज़ा करना चाहिए |" युवक बोले -"किलों पर कब्ज़ा करना आसान नहीं है और इसमें समय भी लगता है| "

स्त्री ने कहा -" यह ठीक है ,परन्तु किलों पर कब्ज़ा करना अवश्य है | किलों पर अधिकार किये बिना स्वराज्य कायम नहीं किया जा सकता | जैसे भात में गड्ढ़ा किये बिना कढ़ी बह जाती है ,उसी प्रकार किलों के बिना प्रदेश हाथ से निकल जाएगा | जिसके पास किले होंगे , महाराष्ट्र पर उसी का शासन होगा |" युवक को स्त्री की बात समझ में असा गई | वह सुबह उठकर चला गया | इस घटना को हुए कई वर्ष बीत गए| किसान दम्पति वृद्ध हो गए | महाराष्ट्र में शिवाजी का शासन कायम हो गया | उनके राज्याभिषेक की तैयारियाँ हो रही थी | एक दिन बूढ़ा किसान अपनी झोपड़ी के बाहर बैठा था | उसी समय बहुत से घुड़सवार वहाँ आकर रुके और किसान से कुछ पूछा | उत्तरों से संतुष्ट होकर

घुड़सवारों के नेता ने कहा -"शिवाजी ने आपको आमंत्रित किया है |" यह सुनते ही किसान घबरा गया और बोला -" क्या बात है ? मुझसे कोई अपराध हुआ है ,जो शिवाजी ने हमें बुलाया है |" सरदार ने कहा -" महाराज ने हमें तो केवल इतना ही बताया है की आपके कढ़ी -भात के सबक के कारण ही स्वराज्य कायम हो सका है ;अतः महाराज की इच्छा है की आप उनके राज्याभिषेक में अवश्य पधारें |"

(i) दरवाज़ा खटखटाने वाला युवक कौन था ? उस समय उसकी दशा कैसी थी ?

(ii) शिवाजी अपने उद्देश्य में किस प्रकार सफल हुए ? इस सन्दर्भ में उन्हें किसने और क्या सलाह दी ?

(iii) इस सलाह से पहले शिवाजी की कोशिशें क्यों बेकार जा रही थीं ? समझाते हुए लिखिए |

(iv) कथा के आधार पर 'किसान दंपत्ति 'के गुणों का परिचय दीजिए ?

(v) 'प्रस्तुत गद्यांश' का उचित शीर्षक लिखकर गद्यांश से मिलने वाली शिक्षा लिखिए |

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given:-**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए (सही विकल्प चुनिए) :**

1. ‘आवश्यक' की भाववाचक संज्ञा बताइए |

(i) आवश्यकता (ii) मिठास (iii) जरूरत (iv) कठोरता

2.'ननद' का पुल्लिंग रूप लिखिए |

(i) भतीजा (ii) भांजा (iii) नंदोई (iv) चाचा

3.'प्रभु 'शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए |

(i) पशुता (ii) प्रभुत्व (iii) प्रभाव (iv) प्रभावित

4.'कपडा' शब्द का पर्यायवाची बताइए |

(i) वस्त्र (ii) शास्त्र (iii) अस्त्र (iv) पत्र

5.'उपकार 'शब्द का विपरीतार्थक (विलोम )शब्द बताइए |

(i) बेकार (ii) सत्कार (iii) प्रहार (iv) अपकार

6.'भारत' का विशेषण बताइए |

(i) भारतीय (ii) भारतीयता (iii) भारतवर्ष (iv) भारती

7. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए |

'निषेधवाचक' वाक्य बताइए -

(i) मैं मुंबई गया था (ii) मैं मुंबई नहीं गया था (iii) मैं मुंबई जाऊँगा (iv) मैं मुंबई में रहता हूँ

8. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए |

**धर्म का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है | (वाक्य में 'प्रभावित 'शब्द का प्रयोग कीजिए)**

(i) धार्मिक मानव सबको प्रभावित करता है | (ii) मानव के मान को धर्म प्रभावित करता है |

(iii) धर्म मानव मन को प्रभावित करता है | (iv) मन को प्रभावित करने वाला मानव धर्म लें |

**SECTION B**

**(Attempt four questions from this section)**

**(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any other two questions)**

**साहित्य सागर - (संक्षिप्त कहानियां)**

**(SAHITYA SAGAR-SHORT STORIES)**

## Question 5

## Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

**(बात अठन्नी की - सुदर्शन)**

**(baat athanni ki -sudarshan)**

**"भैया , गुनाह का फल मिलेगा या नहीं ,यह तो भगवान जाने ,पर ऐसी ही कमाई से कोठियों में रहते हैं और एक हम हैं की परिश्रम करने पर भी हाथ में कुछ नहीं आता |**

(i)उपर्युक्त कथन किसने , किससे ,कब और क्यों कहा है ?

(ii)वक्ता का संकेत किस 'गुनाह' की ओर है ? वह 'गुनाह' किसने किया था और कैसे ?

(iii)'ऐसी ही कमाई 'द्वारा वक्ता समाज की किस बुराई पर क्या व्यंग्य कर रहा है ? स्पष्ट कीजिये |

(iv)वक्ता की यह बात सुनकर श्रोता के मन में क्या विचार आए और क्यों ?

## Question 6

## Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

**(महायज्ञ का पुरस्कार)**

**(*Mahayaga ka puraskaar )***

**"सेठ जी ,यज्ञ खरीदने के लिए हम तैयार हैं , पर आपको अपना महायज्ञ बेचना पड़ेगा |'**

**(i) वक्ता कौन है ? उसका उपर्युक्त कथन सुनकर सेठ जी को क्यों लगा की उनका मज़ाक उड़ाया जा रहा है ?**

**(ii) सेठानी के अनुसार सेठ जी ने कौन-सा महायज्ञ किया था ?**

**(iii) सेठानी की बात सुनकर यज्ञ बेचने आए सेठ जी की क्या प्रतिक्रिया हुई ?**

**(iv) यज्ञ बेचने आए सेठ के चरित्र की विशेषताएँ बताइए |**

**साहित्य सागर - ( पद्य भाग )**

**SAHITYA SAGAR (poetry)**

## Question 7

## Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-**

**( साखी )**

***(saakhi)***

**गुरु गोबिंद दोऊ खड़े , काके लागू पाँय |**

**बलिहारी गुरु आपनो , जिन गोबिंद दियौ बताय ||**

(i) संत कबीर ने गुरु और ईश्वर की तुलना किस प्रकार की है तथा इस दोहे के माध्यम से क्या सीख दी है ?

(ii) 'गुरु' और 'भगवान' को अपने सामने पाकर कबीर के सामने कौन-सी समस्या उत्पन्न हुई ? कबीर ने उसका हल किस प्रकार निकाला और क्यों ?

(iii) 'बलिहारी गुरु आपनो 'कबीर ने ऐसा क्यों कहा है ?
(iv) 'गुरु गोबिंद दोऊ खड़े '- शीर्षक साखी के आधार पर गुरु का महत्व प्रतिपादित कीजिये |

## Question 8

**(i) कबीरदास जी का जीवन परिचय लिखिए |**